सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-302
23/06/2018

स्वतंत्रता सेनानी स्व0 जागेश्वर प्रसाद सिंह को मुख्यमंत्री ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

पटना, 23 जून 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड स्थित पोआरी गांव पहुंच कर स्वतंत्रता सेनानी एवं हरनौत के प्रमुख रहे स्व0 जागेश्वर प्रसाद सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने स्व0 जागेश्वर प्रसाद सिंह के शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी।

इस अवसर पर सांसद श्री कौशलेंद्र कुमार, पूर्व मंत्री एवं विधान पार्षद श्री अशोक चौधरी, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं स्व0 जागेश्वर प्रसाद सिंह के परिजन उपस्थित थे।

******